प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 / बजे

चुनाव

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर की 88 संसदीय सीटों पर आज मतदान हो रहा है। इनमें केरल की बीस, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की आठ–आठ, मध्य प्रदेश की 6 असम और बिहार की पांच–पांच, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ की तीन–तीन और मणिपुर, त्रिपुरा, जम्मू–कश्मीर में एक–एक सीट पर मतदान हो रहा है। 16 लाख से अधिक मतदान अधिकारी 1 लाख 67 हजार मतदान केंद्रों पर 15 करोड 88 लाख से अधिक मतदाताओं से मतदान कराएंगे। इस चरण में 34 लाख आठ हजार मतदाता पहली बार मतदान करेंगे।

प्रधानमंत्री–वोट अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में लोगों से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने की अपील की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधान मंत्री ने युवा और महिला मतदाताओं से बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, अधिक मतदान प्रतिशत देश के लोकतंत्र को मजबूत करता है।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में आगामी एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव को लेकर भाजपा व कांग्रेस दोनो प्रमुख दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। प्रचार के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में एक–दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। प्रचार की इसी कड़ी में आज केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर बिलासपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जबकि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मंडी संसदीय क्षेत्र के तहत बलद्वाड़ा व डैहर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे और पार्टी प्रत्याशी कंगना रणोत की जीत के लिए रणनिति बनाएंगे। इसी तरह शिमला संसदीय क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप सोलन जिला के विभिन्न स्थानों चुनावी नुक्कड़ सभाएं करेंगे।

इधर कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में पार्टी प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना धर्मशाला मंडल में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे। दूसरी ओर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता व पार्टी प्रदेशध्यक्ष प्रतिभा सिंह रामपुर के विभिन्न स्थानों पर मंडी संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के लिए प्रचार करेंगी।

आबकारी विभाग

प्रदेश में स्वतंत्र ओर निष्पक्ष चुनाव के मद्देनजर राज्य कर व आबकारी विभाग मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। विभाग के आयुक्त डॉ यूनुस ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर नकैल कसने के लिए 59 उडनदस्ते और 22 स्टैटिक टीमें तैनात की गई है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के साथ–साथ सीमावर्ती राज्यों के आबकारी अधिकारियों व पुलिस के साथ समन्वय बना कर अवैध शराब के कारोबार सहित गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल लोगों पर कड़ी कारवाई की जा रही है। डॉ यूनुस ने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान लगभग 4 लाख लीटर शराब पकड़ी गई है।

स्वीप

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा के उपचुनाव में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य निर्वाचन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में चम्बा के उपायुक्त व ज़िला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने निरंतरता में चम्बा में मतदाता जागरूकता अपील व मतदान संदेश के साथ विशेष रूप से तैयार स्टीकर लांच किया। उपायुक्त ने बताया कि यह स्टीकर परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न वाहनों व प्रमुख स्थान में भी लगाया जाएगा, ताकि मतदान के महत्व का संदेश हर घर के प्रत्येक मतदाता तक पहुंचे।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मामले से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–सुनवाई के दौरान हाईकोट ने पूछा– निर्दलीयों ने स्वेच्छा से त्यागपत्र दिए, तो स्वीकार क्यों नहीं किए। पंजाब केसरी के शब्द है–निर्दलीय विधायकों के इस्तीफों को लेकर याचिका पर सुनवाई 30 अप्रैल के लिए टली। दैनिक जागरण लिखता है–वीडियों कांफ्रेंसिंग से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल हुए पेश–निर्दलीय विधायक बोले बिना किसी दबाव के दिए है त्यागपत्र। हिमचल दस्तक की सुर्खी है–निर्दलीय विधायकों को इस्तीफे का कारण बताने को बाध्य नहीं कर सकते।

आपका फैसला जगत सिंह नेगी के हवाले से लिखता है–कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपी याचिका–निर्दलीयों की सदस्यता रद्द करने का आग्रह। दिव्य हिमाचल का कहना है–निर्दलीयों पर भी लगे दल बदल कानून। दैनिक भास्कर का शीर्षक है–आजाद विधायकों के खिलाफ एक और याचिका विधायक जनारथा बोले–दबाव में दिया इस्तीफा।

चुनाव प्रचार से जुड़ी खबर पर आपका फैसला की सुर्खी है–कांग्रेस पार्टी का टिकटों पर मंथन, सुक्खू–शुक्ला ने की लंबी मिटिंग। अमर उजाला के शब्द है–हमीरपुर से अग्निहोत्री का चुनाव लड़ने से इंकार–अब रायज़ादा पर नज़रें। दैनिक सवेरा टाईम्स केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखता है–आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस लोकतंत्र पर खोखला ज्ञान न बांटे।

शिक्षा बोर्ड 30 अप्रैल से पहले घोषित करेगा 12वीं का रिज़ल्ट शीर्षक से हिमाचल दस्तक ने खबर को प्रमुखता दी है।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–पहाड़ों पर आज से 5 दिन तक बारिश–बर्फबारी के आसार–30 अप्रैल के बाद फिर बदलेगा मौसम।

———————————————